कार्यालय पूर्व केन्द्रीय मंत्री (विदेश, वित्त, उद्योग, वाणिज्य, पेट्रोलियम, श्रम, योजना) भारत सरकार
पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश (चार बार) उत्तराखण्ड (एक बार) पूर्व राज्यपाल, आन्ध्र प्रदेश।

श्री नारायण दत्त तिवारी

आवासः "अनन्त वन" राव मार्ग, एफ०आर०आई०कैम्पस, लेन नं० 1, वृक्षगढ़, (कौलागढ रोड़),
देहरादून, उत्तराखण्ड, फोन नं०–0135-2752442, 9837091918
"आरोही" 1ए माल एवन्यू, लखनऊ, फोन नं०–0522-2239417, 9415578649
"स्वतंत्र" सी 1/9, तिलक लेन, नई दिल्ली
ई–मेलः bhawaniduttbhatt333@gmail.com, excmupuk@gmail.com
www.narayanduttiwari.com

भवानी दत्त भट्ट
विशेष कार्याधिकारी

पत्रांक संख्या : मैमो० /आर/2013 दिनांक 2. मई 2014

प्रेस विज्ञप्ति

श्रीमती उज्ज्वला शर्मा नाम की महिला मेरे से पहले किसी तरह से तिवारी जी से मिला देने की बात कह रही थी और दिनांक 2 मार्च 2014 को वह महिला दिल्ली में अपने पुत्र और स्वयं आकर जबरदस्ती मीडिया कर्मियों को अपने साथ लाकर उनसे मिली उसके बाद बिना किसी की इजाजत के हक व अधिकार से वह अपने लड़के को लेकर तथा तीन चार अन्जान व्यक्तियों को लेकर माननीय तिवारी जी के आवास 1A माल एवेन्यू में आयी वहाँ पर उसके पुत्र ने शराब पीकर तथा अन्य प्रकार के नशा करके आतंक मचाना शुरू कर दिया। तब किसी तरह से हाथ जोड़कर इस महिला से जाने के लिए कहा गया। क्योंकि मा0 तिवारी जी इस तरह के माहौल में कभी नहीं रहे है और न रहना चाहते है। वह अधिकतर समय आराम करते है डाक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है तथा वर्तमान में श्री तिवारी पार्केन्सन व डिमेशिया नामक बीमारी से जूझ रहे है तथा उनके डाक्टरों के अनुसार उन्हें ऐसा माहौल नहीं देना है जो कि तनावपूर्ण हो। इस महिला को श्री तिवारी घबड़ाते है तथा कुछ नहीं कह पाते। अकेले में वे अपनी परेशानी बयाँ करते है।

मा0 तिवारी जी के सरकारी आवास 1A माल एवेन्यू के मुख्य द्वार को तोड़कर आज दिनांक 02/05/2014 को यह महिला कई अज्ञात लोगों के साथ घर में घुस आयी उसके बाद यह महिला श्री तिवारी जी के सामने लीविंग

क्रमशः 2 पर...............

रिलेशन बनाने की बात कह रही थी मै इसकी रिपोर्ट पूर्व में इस महिला के विरूद्ध लिख चुका हूँ लेकिन थाना हजरतगंज द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। बल्कि मीडिया पुलिस वाले उस महिला के साथ में आ रहे है। मा0 तिवारी जी का उक्त महिला से किसी भी प्रकार का कोई रिश्ता नहीं है तथा उक्त महिला ने का मा0 तिवारी जी बाथरूम का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया और साथ ही उक्त महिला ने मुझे भी धमकी दी है कि मैं श्री तिवारी जी के साथ न रहूँ वह जैसा चाहेगी व तिवारी जी के साथ रहेगी तथा अपने लोगों को भी अपने साथ वहाँ रखेगी। उसका कहना है कि उसे कोई बाहर नहीं निकाल सकता इसकी सूचना मैंने गृह सचिव उ0प्र0 शासन को भेज दी है तथा मैंने ओ0एस0डी0 पद से अपना इस्तीफा मा0 श्री तिवारी जी को सौप दिया है। क्योंकि उपरोक्त महिला मुझपर कभी भी किसी प्रकार का इल्जाम लगा सकती है तथा कभी भी किसी तरह की अप्रिय घटना घटित कर सकती है तथा मा0 तिवारी जी जान व माल की सुरक्षा करने का दायित्व अब मेरा नहीं रह गया है भविष्य में किसी भी प्रकार की घटना की जिम्मेदार वह महिला रहेगी। यह महिला पूर्व में भी माननीय तिवारी जी के परिवार वालों के विरूद्ध राजनीतिक षडयंत्र कर रही थी। बिना किसी से पूछे तिवारी जी के नाम से मीडिया में खबरे छपवा रही थी तथा जहाँ-जहाँ श्री तिवारी जी जा रहे थे वह पहले से वहाँ पहुँच जाती थी। इस महिला की इन हरकतों से लगता है कि इसके पीछे किसी का कोई षडयंत्र हो सकता है। ये महिला मेरे सामने भी मा0 तिवारी जी से बड़े-बड़े उद्योगपतियों व राजनैतिक हस्तियों को फोन करवाकर लाभ प्राप्त करना चाहती थी जिसमें यह पूरी तरह सफल नहीं हो पायी। ऐसा लगता है कि इन्हीं लोगों ने मा0 तिवारी जी के साथ षडयंत्र के तहत हैदराबाद में भी घटना करवायी थी। यदि प्रदेश सरकार इसकी जांच करें तो सारी चीजे सामने आ सकती है ये महिला मा0 तिवारी जी एवं मेरे व उनके परिवार के साथ कभी भी किसी भी तरह का अपराधिक षडयंत्र कर सकती है।

उपरोक्त वर्णित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मैने अपने पद से इस्तीफा दे दिया तथा स्वयं के अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो चुका हूँ।

(भवानी दत्त भट्ट)